दैनिक बिहार पत्रिका
DAINIK BIHAR PATRIKA

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना, मंगलवार, 13 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 3 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com

## सुविचार

"तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है, पत्थर जैसे ना बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है।"

# नीतीश सरकार फ्लोर टेस्ट में पास, विश्वास मत के पक्ष में 129 वोट, तेजस्वी समेत विपक्ष का वॉकआउट

दैनिक बिहार पत्रिका



बिहार विधानसभा में आज नीतीश कुमार ने विश्वास मत हासिल कर लिया है। एक बार फिर बिहार में एनडीए की सरकार बन गई है।। एनडीए के पक्ष में 129 वोट पड़े हैं। विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा, इसकी वजह रही आरजेडी समेत पूरे विपक्ष का सदन से वॉक आउट। सदन में बहुमत का आंकड़ा 122 है। आरजेडी के तीन विधायकों वे क्रॉस वोटिंग की। जिसमें चेतन आनंद, नीलम सिंह और प्रह्लाद यादव शामिल है। इससे पहले सदन के स्पीकर अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था। स्पीकर को हटाने के पक्ष में 125 वोट पड़े थे। जबकि विपक्ष में 112 वोट पड़े थे। नीतीश सरकार के विश्वास मत पर वोटिंग से पहले विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश के कहने पर विधानसबा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने पक्ष में विधायकों को खड़ा होने कहा और उनकी गिनती करवाई। सरकार के समर्थन में 129 वोट पड़े। स्पीकर को हटाने के वक्त सरकार के पक्ष में 125 वोट ही पड़े थे। विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान 4 और वोट सरकार के पक्ष में बढ़ गए। इससे पहले फ्लोर टेस्ट को लेकर बीते दो दिनों से सियासी दलों की रस्साकशी जारी थी। पार्टी में टूट की आशंकाओं के बीच बीजेपी से लेकर आरजेडी और कांग्रेस से लेकर जेडीयू तक ने अपने विधायकों को एक ही जगह पर शिफ्ट कर रखा था। ताकि किसी तरह की विधायकों की टूट से बचा जा सके। कांग्रेस ने तो कई दिन पहले ही अपने विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया था। और फिर रविवार शाम को सभी पटना लौटे। वहीं बीजेपी के सभी विधायक बोधगया से सीथे रविवार रात को पटना आए। जहां से उन्हें एक होटल में शिफ्ट किया गया। आरजेडी के सभी विधायक तेजस्वी यादव के आवास पर ठहरे थे। और वहीं से सीधे विधानसभा पहुंचे थे। नीतीश की पार्टी जेडीयू के विधायक होटल चाणक्या में ठहरे थे। और फिर सभी एक साथ विधानसभा पहुंचे थे। आरजेडी और कांग्रेस के नेता खेला होने का दावा करते रहे। राजद के कुछ नेता को विक्ट्री साइन दिखाकर ये तक कह दिया, कि नीतीश सरकार कुछ घंटे की मेहमान है। लेकिन तेजस्वी की पार्टी राजद तब झटका लगा। जब उनकी पार्टी के 3 विधायक वोटिंग से पहले सत्ता पक्ष के साथ बैठे नजर आए। और नीतीश सरकार के पक्ष में वोट डाला।

## फ्लोर टेस्ट के बाद नीतीश के कैबिनेट विस्तार का इंतजार,

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित एनडीए सरकार ने सोमवार को विधानसभा में 'महागठबंधन' के सदस्यों के वॉकआउट के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में कुल 129 वोट पड़े जबकि विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। दरअसल, नीतीश कुमार ने पिछले दिनों महागठबंधन का साथ छोड़ दिया था, जिसमें आरजेडी प्रमुख घटक दल है। नीतीश फिर से एनडीए में लौट आए और उन्होंने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई। सदन में एनडीए सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया है और अब सबकी निगाहें मंत्रिमंडल विस्तार पर टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि 28 जनवरी को नीतीश कुमार समेत 9 लोगों को राज्यपाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। जेडीयू की तरफ से नीतीश कुमार के साथ विजय चौधरी, वीजेंद्र यादव और श्रवण कुमार ने मंत्री पद की शपथ ले ली थी। वहीं बीजेपी कोटे से सम्राट चौधरी (डिप्टी सीएम), विजय कुमार सिन्हा (डिप्टी सीएम), डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा), संतोष कुमार सुमन (हम) और सुमित कुमार सिंह (निर्दलीय) ने भी शपथ ली थी। बता दे कि 243 सदस्यों वाले बिहार विधानसभा में कुल 15 प्रतिशत यानि मुख्यमंत्री समेत कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

## अलाव तापने के दौरान महिला झुलसी, गंभीर स्थिति में रेफर



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के कोल कासपुर गांव में सोमवार की सुबह अलाव तापने के दौरान एक महिला झुलस गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाथनगर थानाक्षेत्र के कंझिया गांव के पागो पासवान की पत्नी काजल देवी करीब दो माह पूर्व अपने मायके कोल कासपुर गांव आईं थीं। सोमवार की सुबह वह घर में अलाव ताप रही थी कि अचानक अलाव की आग उनकी साड़ी में लग गई। धीरे-धीरे आग बढ़ने लगी तथा उनके शरीर में आग लगने लगी। जब उन्होंने आग की ताप महसूस की तो वह शोर मचाने लगीं। जब तक परिवार के लोग वहां पंहुचे तबतक पूरे शरीर में आग लग गई। परिजनों ने आग को बुझाया तथा उन्हें इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया। अस्पताल में डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया तथा उनकी स्थिति गंभीर देख उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया।

## मां काली की प्रतिमा का हुआ विसर्जन, नम आंखों से दी विदाई

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर शहर में स्थापित मां काली की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धालुओं ने नम आंखों से सोमवार को किया। सोमवार को दिन में मंदिर परिसर से मां काली की प्रतिमा को निकाला तथा पुरानी चौक, अमरपुर हाट, महमदपुर होते हुए गोला चौक, बंगाली टोला, बस स्टैंड, मोदी टोला के रास्ते चंसार पोखर पहुंची तथा वहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सौरभ भगत सुब्बू, आशीष कुमार, सुजीत कुमार समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## एनडीए गठबंधन को बहुमत साबित होने पर की गई आतिशबाजी



दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी नगर भाजपा की ओर से बिहार विधानसभा में एनडीए गठबंधन को बहुमत साबित होने पर सोमवार को आतिशबाजी कर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनमीत साह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, विधानसभा संयोजक पुरुषोत्तम ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन बिहारी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष शैलेश सौरभ, लोजपा नगर अध्यक्ष अनुज मिश्रा, झुनकी झा, बुलो प्रसाद यादव, हेमकांत झा, राजेश कुमार भगत, पंकज मांझी, मिथलेश कुमार, राजेश कुमार, अमित साह, नगर महामंत्री छोटु ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीडीआई के 577 इंडिकेटरों के माध्यम से तैयार किया जायेगा जीपीडीपी





दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बांका। बिहार।** जिला पंचायत राज पदाधिकारी के आदेशानुसार पंचायत विकास सूचकांक पीडीआई विषय पर प्रशिक्षण अमरपुर, बांका, बाराहाट, बौंसी, बेलहर एवं चानन प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी का एकदिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जीपीएस मार्केट प्रथम तल बांका में सोनी कुमारी जिला सामाजिक विकास समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी जिला पंचायत संसाधन केंद्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मालूम हो कि भारत सरकार के द्वारा सतत विकास के लक्ष्य के स्थानीयकरण के क्रियान्वयन की प्रगति के अनुसार वन एवं पंचायत में हो रहे विकास के मूल्यांकन के लिए पंचायत विकास सूचकांक को विकसित किया गया है। इसका आंकलन सरकार के द्वारा तय 9 थीम्स व 577 स्थानीय इंडिकेटर के आधार पर होना है। जिसको लेकर पंचायती राज विभाग के निर्देश पर जिले के पंचायती राज विभाग द्वारा दूसरे चरण में पंचायत विकास सूचकांक पीडीआई का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला सामाजिक विकास नोडल पदाधिकारी सोनी कुमारी, प्रखंड कार्यपालक सहायक पंचायती राज बौंसी हिमांशु कुमार, प्रखंड कार्यपालक सहायक बाराहाट गौतम कुमार, यूको आरएसएटीआई दीपाली सिन्हा, टीम कोऑर्डिनेटर कटोरिया दृष्टि मंडलोई, गांधी फॉलो पिरामल फाऊंडेशन तारकेश्वर प्रजापति, सुधांशु कुमार एवं गांधी फॉलो पिरामिड फाउंडेशन के स्वप्निल वाढ़ई के द्वारा दी गई। मालूम हो कि प्रशिक्षण 12 फरवरी 2024 से प्रारंभ हुई है, जो 20 फरवरी 2024 तक चलेगी।

## बांका: विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** विद्युत ऊर्जा की चोरी के मामले में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बांका गुलशन नंदन कुमार के द्वारा बौंसी थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आवेदन में बताया गया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर जांच दल गठित करते हुए बौंसी थानाक्षेत्र के काजीकैरी गांव निवासी राजीव कुमार साह की पत्नी अर्चना कुमारी के औद्योगिक परिसर का स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी परिसर में स्थापित मीटर के अतिरिक्त तीन फेज सर्विस वायर से मीटर के पूर्व के तीन फेज पीवीसी तार के माध्यम से मीटर को बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिससे साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को लगभग ₹309841 राजस्व की क्षति हुई है। अर्चना कुमारी के पूर्व का विद्युत बकाया ₹21374 है। जिसको लेकर सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अगर प्रमंडल बांका गुलशन नंदन कुमार के द्वारा बौंसी थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी के दौरान कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बौंसी राहुल कुमार एवं कर्मी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बौंसी मौजूद थे।

## भागलपुर डीएम ने सैंडिस कंपाउंड भ्रमण क्रम में योजनाओं का किया अवलोकन



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी ने स्थानीय सैंडिस कंपाउंड भ्रमण क्रम में स्मार्ट सिटी अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण क्रम में सैंडिस कंपाउंड के सौंदर्यीकरण, वर्णित स्थल में पौधारोपण एवम सफाई व्यवस्था में उत्कृष्टता के उद्देश्य से यथोचित स्थलों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबीन रखने का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की शहर के गौरव सैंडिस परिसर को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्थल का निरीक्षण किया गया है। समीक्षा पश्चात संबंधित विभागों के समन्वय से वर्णित परिसर को और उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से कार्य किए जाएंगे, जिसमें आम नागरिकों से प्राप्त बहुमूल्य सलाह को भी महत्व दिया जाएगा। निरीक्षण क्रम में नगर आयुक्त एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूटी और मोटरसाइकिल में टक्कर, एक जख्मी

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला बाजार स्थित ऑटो स्टैंड पर सोमवार की शाम मोटरसाइकिल और स्कूटी में जोरदार की टक्कर हुई जिसमें स्कूटी चालक राजा कुमार चौधरी (20) बांका जिला निवासी जख्मी हो गया है। जख्मी का ईलाज सन्हौला बाजार के निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टीवीएस राइडर कम्पनी की मोटरसाइकिल पर एक युवक घोघा से सन्हौला की ओर आ रहा था, सन्हौला से घोघा की ओर जा रहे स्कूटी में मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। दोनों चालक सड़क पर ही बिखर गए। राहगीरों की मदद से दोनों चालक को सड़क से उठाया और निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। सूचना पाकर सन्हौला पुलिस घटनास्थल पर पहुँचे और घटना का जायजा लेते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कुछ देर के लिए ऑटो स्टैण्ड पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। जख्मी राजा सन्हौला बाजार में ठेला पर मोमोज बेचकर अपना जीविका चलता है।

दैनिक बिहार पत्रिका में खबर प्रकाशित करवाने एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें - 9801716267

एसीडिटी की बेजोड़ दवा अब आपके शहर के लोकप्रिय दुकान कृष्णा भंडार में उपलब्ध है।




सूर्या जीवन चूर्ण

पुरानी कब्ज, बवासीर, एसीडिटी, गैस बनना एवम् सभी प्रकार के पित्त विकारों को नष्ट करता है। इस चूर्ण के सेवन से पेट में संचित मल और दूषित पित निकल जाता है।

Shop now!

Krishna Bhandar, Gogri Khagaria

# कार्य निष्पादन में कोई प्रकियात्मक विलंब नहीं होनी चाहिए: भागलपुर जिलाधिकारी

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा क्रम में सभी कार्यपालक अभियंता /पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि किसी भी कार्य निष्पादन में कोई प्रक्रियात्मक विलंब नहीं होनी चाहिए। तकनीकी विभाग से संबंधित कोई भी कार्यपालक अभियंता/कार्यालय प्रधान सक्षम प्राधिकार से अनुमति प्राप्त किये बिना जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। समीक्षा क्रम में आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसके सम्यक/सुचारु निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। सभी कार्यपालक अभियंता/पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि योजना क्रियान्वयन के संबंध में किया जा रहा है..... हो रहा है..... कर लिया जायेगा..... ऐसे शब्दों का प्रयोग न करते हुए स्पष्ट/ सटीक एवं संख्यात्मक प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए कि कितना कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कितना बांकी है एवम इसका कारण क्या है? उपलब्ध कराये गये विहित प्रपत्र में ही अपने कार्य क्षेत्र अन्तर्गत कार्य/परियोजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, बुडको, भागलपुर द्वारा अवगत कराया गया कि नरगा चौक से साहेबगंज आने के क्रम में पाया गया कि जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाईप लाईन में कुछ स्थलों पर रिसाव हो रहा है। खुदाई किये गये कुछ स्थलों पर स्थानीय लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप ले लिया गया है। खुदाई किये गये सड़क का पथ निर्माण विभाग को करना है। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि बुडको का कार्य जहाँ तक पूरा हो गया है, के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत वहाँ तक अविलंब पूर्ण करा दिया जाएगा। उक्त वर्णित के आलोक में कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया है कि संदेहास्पद लोगों को चिन्हित करते हुए इसकी सूची अनुमंडल पदाधिकारी, सदर भागलपुर को उपलब्ध कराया जाय। अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि संदेहास्पद लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई एवं आवश्यकतानुसार प्राथमिकी दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। कार्यपालक अभियंता गंगा पम्प नहर शिवनारायणपुर द्वारा बताया गया कि ईस्माइलपुर अंचल के बुद्धचक मौजा में स्थित पम्प हाउस अतिक्रमित है। अतिक्रमण हटाने के संबंध में कई बार अनुरोध किया गया, परन्तु अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अपर समाहर्त्ता, भागलपुर को निदेश दिया गया कि अंचलाधिकारी ईस्माइलपुर से समन्वय स्थापित कर यथोचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को निदेश दिया गया कि बुडको का कार्य पूर्ण होने के उपरांत 05 दिनों के अन्दर रेस्टोरेंशन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता बुडको एवं कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग भागलपुर द्वारा किये गये दैनिक कार्यों का प्रतिवेदन संयुक्त हस्ताक्षर के साथ अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता जिला परिवहन पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, चालक एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** अवैध बालू लदे ट्रैक्टर चालक एवं ट्रैक्टर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया है कि रविवार देर रात बौंसी थानाक्षेत्र के सिमरा मोड पर वाहन जांच के क्रम में एक ट्रैक्टर जिसपर अवैध बालू लोड था जो काफी तेजी से आ रहा था। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर का चालक काफी तेज गति से ट्रैक्टर को भगाने लगा। भगाने के क्रम में उक्त ट्रैक्टर एक पेड़ से टकरा गया, जिससे ट्रैक्टर का एक आगे वाला चक्का टूटकर निकल गया। उक्त बालू लोड ट्रैक्टर के पेड़ से टकराने के बाद चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा। हालांकि पुलिस बल के द्वारा चालक को पकड़ने का भी प्रयास किया गया परंतु अंधेरे का फायदा उठाकर चालक भागने में सफल रहा। इसके बाद पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की तलाशी ली तो किसी भी प्रकार का कागजात नहीं पाया गया। इसके बाद बालू लदे ट्रैक्टर को बौंसी थाना लाया गया। इसके बाद अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, ट्रैक्टर चालक एवं ट्रैक्टर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन




दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर नगर पंचायत कार्यालय परिसर समेत नपं के अन्य वार्डों में सोमवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य पार्षद रीता साहा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य पार्षद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में फुटपाथ पर रेहड़ी लगाने वाले तथा छोटे दुकानदारों की आय दोगुनी करने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को पहली बार दस हजार रुपए का लोन आठ प्रतिशत ब्याज पर कर्ज दिया जाएगा। यह लोन एक वर्ष के अंदर वापस करना होगा। कर्ज वापस करने पर सात प्रतिशत ब्याज के साथ सब्सिडी तथा एक सौ रुपए प्रतिमाह की दर से बैंक दुकानदारों को देगी। दूसरी बार में लोन की राशि बीस हजार होगी। इस योजना के तहत अधिकतम पचास हजार रुपए लोन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए मोबाइल नंबर से जुड़े आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक देना अनिवार्य होगा। इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजेश कुमार साहा, वार्ड पार्षद प्रदीप साह पप्पू , रेखा देवी समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# सात जन्मों में भी नहीं उतार सकते माता- पिता का ऋण: डॉ0 मृणाल





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** मेरी दुनिया में थोड़ी बहुत जो शोहरत है, वो मेरे माता-पिता की बदौलत है। हर व्यक्ति अपनी हर सांस के लिए अपने माता-पिता का कर्जदार है। उक्त बातें भाजपा के वरीय नेता सह पूर्व प्रत्याशी डॉ0 मृणाल शेखर ने अमरपुर के संगीता सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि माता- पिता के त्याग पर कुछ भी बोलने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं तथा भावनाओं का समुद्र मन मस्तिष्क में घुमड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथा है कि जब सभी देवताओं में प्रथम पूज्य की प्रतियोगिता हुई तो यह तय हुआ कि जो सबसे पहले इस ब्रह्मांड के तीन चक्कर लगाएगा वो ही प्रथम पूज्य होगा। सभी देवता अपना तेजी से उड़ने वाले वाहन को लेकर चल दिए। भगवान गणेश अपने मूषक वाहन को देखते रहे, कुछ समय विचार किया फिर महादेव एवं मां पार्वती के तीन चक्कर लगाया। ऋषि मुनियों ने उन्हें ही प्रथम पूज्य घोषित किया। इस मौके पर जिला पार्षद सुजाता वैद्य एवं मुखिया अर्चना देवी ने अपने विकास कोष से विद्यालय को आर्थिक मदद देने की घोषणा की तथा बच्चों को आशीर्वचन दिए। इस मौके पर स्कूल के सचिव अशोक महतो, अशोक यादव, प्राचार्य रंजीत मिश्रा समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# आज मौसम बदलेगा बारिश की संभावना

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर।** सोमवार को दिन का पारा न केवल 26.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, बल्कि इस तापमान ने सोमवार के दिन को इस सीजन का सबसे गर्म दिन बना दिया। भारतीय मौसम विभाग के अनुमानों की माने तो जिले में मंगलवार को दोपहर बाद या फिर शाम से मौसम का मिजाज बदलेगा और हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। वहीं 14 फरवरी को आंशिक बदरी व 15 फरवरी को बदरी के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी होगी। सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य तापमान से एक डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

# तिलकामांझी: फाइलेरिया की दवाई खाने से दर्जनों बच्चों की स्थिति बिगड़ी

## 112 पुलिस टीम ने दिखाया दमखम, बच्चे की स्थिति सामान्य

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर सहित पूरे सूबे में कुछ दिन पहले फाइलेरिया की दवा खाने से सैकड़ों बच्चे बीमार हो गये थे जिसका इलाज मायागंज अस्पताल, सदर अस्पताल के अलावा कई अस्पतालों में हुआ। उसके बाद बच्चे ठीक होकर अपने घर चले गए। पुन: सोमवार को भागलपुर जिलांतर्गत तिलकामांझी थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सच्चिदानंद नगर में दवाई खाने के बाद दर्जनों बच्चों की स्थिति बिगड़ गई। फाइलेरिया की दवाई खिलाये जाने के बाद सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ गई और इसके बाद सभी बच्चों को चक्कर और उल्टी होने लगी। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजनों ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बच्चों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र और मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चों के तबीयत बिगड़ते ही 112 पुलिस की टीम ने अपना पूरा दमखम दिखाया और सभी बच्चों को काफी तेजी से अस्पताल पहुंचने में अपना योगदान दिखाया, जिससे बच्चे अभी सामान्य है।



# सिल्क सिटी भागलपुर में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, 02 गिरफ्तार

## भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत एक बार फिर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ, जहां अवैध हथियार बनाने का सामान भारी मात्रा में बरामद किया गया है। मामला विश्वविद्यालय थानाक्षेत्र के परबत्ती मोहल्ले का है। बता दें कि रविवार की देर रात बांका पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा और पूछताछ के क्रम में मोटरसाइकिल चोर ने बताया कि मोटरसाइकिल की चोरी कर भागलपुर के परबत्ती मोहल्ले में लब्बू पासी लेन के रहने वाले मोहम्मद सलाउद्दीन को बिक्री किया करता है। मोटरसाइकिल चोर की पहचान बांका जिलांतर्गत गोलू सिंह के रूप में हुई है। वहीं मोटरसाइकिल चोर गोलू सिंह के निशानदेही पर बांका पुलिस ने विश्वविद्यालय थाना और ततारपुर थाना के सहयोग से संयुक्त रूप से मोहम्मद सलाउद्दीन के आवास पर सोमवार अहले सुबह छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान चोरी की हुई दो मोटरसाइकिल में एक बुलेट और एक अपाची गाड़ी, 6 पिस्टल और भारी मात्रा में हथियार बनाने के सामान को बरामद किया गया। साथ ही साथ 23 मोबाइल, एक एयर गन, एक लाइसेंसी बंदूक, दर्जनों गाड़ी का नंबर प्लेट बरामद किया गया। इस दौरान मौके से मोहम्मद सलाउद्दीन और उसके बेटे मोहम्मद राजा को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं इस छापेमारी अभियान के दौरान सिटी एसपी मिस्टर राज, सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी के साथ- साथ बांका जिला के कटोरिया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह, एसआई प्रशांत कुमार, पंजवारा थाना के मनीष कुमार, एटीएस से विजय कुमार और संजय कुमार सुमन के अलावे भागलपुर जिला से विद्यालय थाना और ततारपुर थाना की पुलिस बल मौजूद थे।



# रजौन: नव- पदस्थापित अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत रजौन अंचलाधिकारी के रूप में कुमारी सुषमा ने सोमवार 12 फरवरी को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। रजौन अंचलाधिकारी के कार्यालय में लगे नेमप्लेट के अनुसार कुमारी सुषमा ने रजौन के 41वें अंचलाधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है। बता दें कि कुमारी सुषमा ने निवर्तमान अंचलाधिकारी मोहम्मद मोईनुद्दीन के पदोन्नति के बाद पटना सचिवालय तबादले हो जाने पर उनके स्थान पर रजौन के 41वें अंचलाधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है। इसके पूर्व कुमारी सुषमा छपरा में थी। पदभार ग्रहण करने के साथ नव- पदस्थापित अंचलाधिकारी कुमारी सुषमा ने अपने अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों व राजस्व कर्मियों आदि के साथ रुबरू होते हुए परिचयात्मक बैठक की है। इस मौके पर अंचल प्रभारी निरीक्षक बालमुकुंद दास, दुर्गेश्वर मिश्रा, अंचल प्रधान सहायक शिवनारायण किस्कु, अरविंद कुमार, अंचल नाजीर ऋषिकेश सिन्हा, आरटीपीएस प्रधान सहायक विकास कुमार, अंचल राजस्व कर्मचारी सुबोध कुमार झा, लाला कुमार, दीपक कुमार, पंडित शशिकांत प्रजापति, सुशील कुमार, बबीता कुमारी, गुड्डू राम, अंचल अमीन सुरेंद्र राउत, विकास गुप्ता, मोहम्मद महमूद आलम, सुषमा स्वराज, रेणु कुमारी सहित अंचल के सभी कर्मी आदि उपस्थित थे।



नव-पदस्थापित अंचलाधिकारी कुमारी सुषमा ने अंचल के कार्य के हित में सभी कर्मियों को निष्ठापूर्वक कर्तव्यपालन करने को कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नव-पदस्थापित अंचलाधिकारी मूलत: भागलपुर जिले की रहने वाली है, उनका ससुराल भागलपुर डंडा बाजार तथा मायके कोइली-खुटाहा बताया जाता है।

# बूढ़ानाथ मंदिर में 161 कलश की पूजा-अर्चना

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर।** गुप्त नवरात्र पर बूढ़ानाथ मंदिर परिसर में स्थापित किये गये 161 कलश की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान प्रधान आचार्य अशोक ठाकुर ने कहा कि सारा संसार जानता है कि सभी धार्मिक अनुष्ठान में कुल देवी या देवताओं की पूजा करना जरूरती होता है। माता अंगधात्री तो सभी अंग वासियों की कुल देवी है उनका पूजा-पाठ जरूरी है।

# आज हेलमेट-सीट बेल्ट को ले अभियान

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर।** परिवहन विभाग की टीम मंगलवार को जिले के अलग-अलग हिस्सें में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाले वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाएगा। डीटीओ जर्नादन कुमार ने बताया जो बाइक चालक बिना हेलमेट और कार सवार बिना सीट बेल्ट के मिलेंगे। उन पर जुर्माना किया जायेगा।

# बांका: महाशिवरात्रि को लेकर रजौन थाना परिसर में पूजा समिति की बैठक आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत रजौन बाजार में थाना मार्ग स्थित राजवनेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आगामी 08 मार्च दिन शुक्रवार को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि को लेकर 12 फरवरी दिन सोमवार को रजौन थाना परिसर में राजवनेश्वर नाथ पूजा समिति के अध्यक्ष बासुकीनाथ सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श करने के साथ-साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का आयोजन धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष बासुकीनाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को ही इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के आयोजन की सारी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पूजा समिति के संरक्षक के रूप में रजौन के नए थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार तथा संयोजक के रूप में रजौन पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के साथ-साथ अध्यक्ष बासुकीनाथ सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साह, संयुक्त सचिव मनोज कुमार गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों में सिकंदर प्रसाद यादव, विजय कुमार ओझा, उदयचंद्र झा, शंकर कुमार सिंह, बबलू सिंह चंद्रवंशी, प्रीतम कुमार राव, सुरेश प्रसाद यादव, अवधेश झा, धनंजय चौधरी तथा महादेव तिवारी को चुना गया है। वहीं आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से चंदा राशि आदि को लेकर रसीद छपवाने का निर्णय लिया है। वहीं बैठक के क्रम में मुख्य रूप से पूजा समिति के सदस्यों के साथ-साथ रजौन पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, रजौन थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, सिकंदर यादव, देवनंदन श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार यादव, महादेव तिवारी, सुरेश प्रसाद यादव, कुमुद रंजन राव, अविनाश सिंह, प्रकाश कुमार पंकज, बबलू सिंह चंद्रवंशी, शंकर सिंह, मनोज गुप्ता, विजय कुमार ओझा, राजेंद्र साह, उदय चंद्र झा, मनीष कुमार, धनंजय कुमार सहित काफी संख्या में रजौन बाजारवासी आदि उपस्थित थे।

# बांका: सुजीत कुमार राय को जिला काराधीक्षक पद पर मिली प्रोन्नति

## जेल अधीक्षक को बुके देकर सम्मानित करते अधिकारीगण

दैनिक बिहार पत्रिका। प्रदीप कुमार



**बांका। बिहार।** मंडल कारा बांका के काराधीक्षक सुजीत कुमार राय को प्रोन्नति मिल गयी है, उन्हें जिला काराधीक्षक के पद पर यह पदोन्नति दी गयी है। इस संबंध में गृह कारा विभाग के अपर सचिव सह निदेशक रजनीश कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिया है। सुजीत कुमार राय के साथ सूबे के 11 पदाधिकारियों को वेतन स्तर-9 से वेतन स्तर- 11 में प्रमोशन दिया गया है। ज्ञात हो कि मौजूदा जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय तीन साल पूर्व मंडल कारा बांका में योगदान दिये थे। उनके आने के बाद संस्थान में अमूल-चूल परिवर्तन हुए। बंदियों के बीच शैक्षणिक और कौशल क्षमता विकसित करने के लिए कई कार्यक्रम संचालित किये गये। कारा में इन प्रगतियों और बेहतर कुशल प्रबंधन को देखते हुए सुजीत कुमार राय को विभाग ने यह पुरस्कार दिया है। इससे पूर्व राय उपकारा शेरघाटी में अपनी सेवा दे चुके हैं। इन्होंने 56- 59वीं बीपीएससी की परीक्षा में बाजी मारकर बिहार प्रशासिनक सेवा में योगदान दिया था। वे प्लस टू विद्यालय में अध्यापक पद पर भी रह चुके हैं। अपनी उपलब्धियों के संदर्भ में कहा कि यह तभी संभव हो पाया जब अंत:वासियों और सहकर्मियों का कदम- कदम पर साथ मिला है। वह अपनी सेवा को ही पूजा मानते हैं। वहीं पदोन्नति के बाद सोमवार को सहायक जेल अधीक्षक रामनंदन पंडित, विकास कुमार, प्रोग्रामर चंदन कुमार, गुड्डू कुमार गिरी सहित अन्य ने बुके देकर बधाई दी।

# छ: वर्ष क़े नाबालिक बच्चों को खगड़िया RPF नें किया चाइल्ड हेल्पलाइन खगड़िया क़े हावालें



दैनिक बिहार पत्रिका | रेशु रंजन

**खगड़िया** | बीतें मंगलवार क़े दिन को समय करीब दस बजें आरपीएफ खगड़िया के ऑन ड्यूटी स्टाफ सहायक उप निरीक्षक रणबीर कुमार साथ आरक्षी अविनाश कुमार द्वारा स्टेशन गस्त व चेकिंग के क्रम में गाड़ी संख्या (05278 DN) समस्तीपुर सें सहरसा जानें बली ट्रेन सें एक नाबालिक बच्चा उम्र लगभग छ: वर्ष रोते हुए प्लेटफार्म पर उतरकर इधर-उधर घूमनें लगा। वहीँ बच्चा को पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम आर्यन , उम्र लगभग छ: वर्ष, बाकी कुछ भी नहीं बता रहा है। बच्चा रो रो कर अपने पिता को खोज रहा था परंतु उसका कोई भी परिजन खगड़िया स्टेशन पर नहीं मिला। पीए सिस्टम सें उद्घोष भी की गई, परंतु कोई भी बच्चा को लेने पोस्ट पर नहीं आया। तत्पश्चात चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित कर बुलाया गया। उक्त बच्चों को उचित देख रेख एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन खगड़िया को सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया है।

# मिड डे मिल वर्कर का 16 फरवरी ग्रामीण भारत बंद का एलान



**दैनिक बिहार पत्रिका | खगड़िया** :में मीड डे मील वर्कर्स (रसोइया) यूनियन सीटू की बैठक सम्पन्न।बैठक में आगामी 16 फरवरी 024 को ग्रामीण भारत बंद और औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने एवं बिहार सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ 19 और 20 फरवरी 024 को विधान सभा घेराव की तैयारी की योजना बनाई गई।

# एक वारंटी गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका | एक संवाददाता

**खगड़िया** | बेलदौर थाना क्षेत्र से एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार थाना लाया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान माली पंचायत के दिनेश यादव के पुत्र अभिमन्यु यादव के रूप में हुई। वहीं थाना अध्यक्ष परेंन्द्र कुमार ने बताया कि बेलदौर प्रखंड में लगातार समकालीन अभियान के तहत् छापेमारी की जा रही है जिसमें बेलदौर थाना क्षेत्र के माली पंचायत से एक वारंटी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहां न्यायिक प्रक्रिया अपनाकर न्यायिक हिरासत खगड़िया भेज दिया गया।

# नौकरी छीन जानें को लेकर बढ़ी विधुत कर्मी में चिंता

दैनिक बिहार पत्रिका | रेशु रंजन



• फ़ोटो :- एक दिवसीय कार्य बंदी की तैयार विधुत कर्मी

**खगड़िया** | बिहार सरकार की अमानवीय नीति कें खिलाफ विधुत विभाग क़े राजस्व संग्रहण (MRC) , (RRF) कर्मी नें अपनी एक मात्र मांग क़े समर्थन में राज्य क़े कमिटी एक दिवसीय कराबंदी करनें का किया आह्वान खगड़िया ज़िले क़े विधुत विभाग क़े सपोर्ट बिलिंग और राजस्व कलेक्शन कर्मी (RRF) और (MRC ) को अपनें ही बिभाग सें डर लगनें लगा है,जहाँ राज्य सरकार विधुत की चोरी को रोकने क़े लिए प्रीपेड विधुत मीटर विधुत उपभोक्ता को घर घर में जाकर लगा रेहे है, वहीँ दूसरें तरफ़ विधुत क़े राजस्व कलेक्शन कर्मी का चिंता बढ़ गईं है, क्योकि जब प्रीपेड मीटर क्षेत्र में लागे गें तो विधुत बिभाग क़े राजस्व कलेक्शन कर्मी का पद पर सें हटा दिए जाएंगे जिसकें कारन उक्त कर्मचारी नें ज़िले क़े विधुत कार्यपालक सहित विधुत साहयक अभियंता और कनिय विधुत अभियंता को लिखित रूप में आवेदन दिए है, दिए गेये आवेदन में वर्णित है कि रुलर रिवेंन्यू फ्रेंचाइजी योजना 2013 क़े अंतर्गत वर्ष 2013 से अब तक घर-घर जाकर स्पॉट बिलिंग व राजस्व संग्रहण का कार्य करते आ रेहे है , अचानक सरकार के द्वारा प्रीपेड मीटर की योजना लाने सें हमारे समक्ष बेरोजगारी एवं भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी इस संदर्भ में संघ के राज्य कमेटी के द्वारा कई बार मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री को पत्राचार किया गया लेकिन कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई इसी कारण सॉन्ग की राज कमेटी नें सरकार के ध्यान आकर्षण हेंतु तेरह फरवरी 24 को रोज मंगलवार राजव्यापी एक दिवसीय धरना देने का आहुत किया गया है जिसमें संघ जिला इकाई खगड़िया भी राज्य कमेटी और अपनी मांग कें समर्थन में एक दिवसीय कार्यबंदी करते हुए जिला प्रशासन द्वारा चयनित स्थलों पर शांतिपूर्वक धरना देगी और पुन: सुचारु रूप सें 14 फरवरी 2024 को कार्य चालू रहेगा, वहीँ संबंधित विधुत बिभाग में सपोर्ट बिलिंग और राजस्व क्लेंशन एजेंसी कें कर्मी (MRC )और विभागीय (RRF) कर्मी बढ़ चढ़ क़े हिस्सा लें रेहे है।

# शस्त्र एवं कारतूस का भौतिक सत्यापन 27 फरवरी से 29 फरवरी तक करवाना अनिवार्य

**दैनिक बिहार पत्रिका | खगड़िया|** जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्वाचन कार्य को स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु खगड़िया जिला के एवं खगड़िया जिला में निवास कर रहे अन्य जिलों के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति पर निर्गत शस्त्र एवं कारतूस का थानावार भौतिक सत्यापन दिनांक 27.02.2024 से 29.02.2024 को 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक प्रतिनियुक्त निरीक्षी दंडाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। अनुज्ञप्तिधारी निर्धारित तिथि को निश्चित रूप से संबंधित थाना पर स्वयं उपस्थित होकर अनुज्ञप्ति पर निर्गत शस्त्र एवं कारतूस का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को भौतिक सत्यापन नहीं कराने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए वे पूर्णतया स्वयं जिम्मेवार होंगे। यह कार्य नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, चित्रगुप्तनगर थाना, गोगरी थाना, महेशखूँट थाना, पसराहा थाना, परबत्ता थाना, मड़ैया ओ0पी0 थाना, बेलदौर थाना, चौथम थाना, मानसी थाना एवं अलौली थाना परिसर में किया जाएगा।

# अलौली में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मारपीट





प्रवीण कुमार प्रियांशु। दैनिक बिहार पत्रिका

**खगड़िया** जिले के अलौली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहराघाट आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के स्वास्थ्य जांच हेतु विभागीय कार्य जा रहे स्वास्थ्य कर्मियों व चालक ने आगर घाट के घटवार पर मारपीट व दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।वहीं बताया कि इस दौरान घटवार ने धमकी भी दिया कि जिसे बुलाना है बुला लो।इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य कर्मियों व चालक ने अलौली थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।आवेदन अनुसार बताया गया है कि आगर घाट पर घटवार द्वारा राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (R.B.S.K Team-01) के ड्राईवर तथा आयुष चिकित्सक एवं कर्मी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज किया गया है।तथा धमकी भी दिया गया है। अप्रिय घटना घटित हो जाने के कारण भयवश अलौली लौट आए। उन्होंने घटवार के विरुद्ध समुचित विधि-सम्मत कार्यवाही करने की गुहार लगाई है जिससे भयमुक्त होकर सरकारी कार्य का सम्पादन तथा भविष्य में सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं हो पाए।डॉ रमन कुमार,डॉ महबूब इलाही,डॉ विकास कुमार तथा चालक सुमित कुमार ने सामुहिक हस्ताक्षर कर अलौली थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।वहीं दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलौली के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार ने ज्ञापांक-124 दिनांक -12-फरवरी 2024 भी अग्रसारित किया है। इधर अलौली थानाध्यक्ष समरेंद्र कुमार ने बताया कि कांड संख्या दर्ज कर जांच-पड़ताल किया जा रहा है। कार्रवाई की जायेगी

# प्रखंड कृषि समन्वयक नें किसानों बीच एग्रीकल्चर इम्पलीमेंट किट का वितरण किया



दैनिक बिहार पत्रिका | रेशु रंजन

**परबत्ता** :- गोगरी अनुमंडल क़े अंतर्गत को ई0 किसान भवन परबत्ता में कृषि यांत्रिकरण योजना 2024 में कैम्प के द्वारा बीते सोमवार क़े दिन प्रखंड कृषि समन्वयक परबत्ता ब्रजेश कुमार ब्रजेश के माध्यम सें कबेला, दरियापुर भेलवा पंचायत आदि के दर्जनों किसानों को मैनुअल एग्रीकल्चर इम्पलीमेंट किट का वितरण किया गया। वहीँ इन उपकरणों का उपयोग बुआई, खेत की तैयारी, रोपण, मड़ाई, सिंचाई और कटाई के लिए किया जाता है। प्रमुख कृषि उपकरणों में हार्वेस्टर, ड्रैग, डिस्क हैरो, सीड ड्रिल, कल्टीवेटर, पिकेज, कुदाल, हल आदि शामिल हैं। इसी बीच कृषि विभाग के कर्मी अनंत कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, दीपक कुमार स्कन्द मौजूद रहे।

# रेलवे एक्ट के अंतर्गत कुल 06 लोगों को गिरफ्तार किया

दैनिक बिहार पत्रिका | रेशु रंजन



**खगड़िया** :बीते सोमवार क़े दिन आरपीएफ खगड़िया के निरीक्षक प्रभारी अरविंद कुमार राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रणबीर कुमार, उप निरीक्षक चंद्रशेखर पासवान, आरक्षी विक्रम कुमार आजाद, आरक्षी सज्जन कुमार द्वारा खगड़िया स्टेशन में चेकिंग अभियान चलाकर रेलवे एक्ट के अंतर्गत कुल 06 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें दो व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से ट्रेन में खाद्य पदार्थ बिक्री करने के जुर्म में, दो किन्नर को अनाधिकृत रूप से यात्रियों को परेशान एवं बदतमीजी कर पैसा मांगने के जुर्म में एवं दो व्यक्तियों को अनाधिकृत रूप से अलार्म चेन पुलिंग कर गाड़ी रोकने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार 06 अभियुक्तों के विरुद्ध आरपीएफ खगड़िया में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय रेलवे खगड़िया में पेंश किया गया।

# ग्रामीणों की सूचना पर शराब पीकर उत्पात मचा रहा गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका | एक संवाददाता



बेलदौर थाना क्षेत्र के दिघौन पंचायत के वार्ड सात निवासी शराब पीकर उत्पात मचा रहा था जहां ग्रामीणों की सूचना पर 112 के पुलिस पदाधिकारी ने गिरफ्तार कर थाना लाया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दिघौन पंचायत के वार्ड सात निवासी स्व: रामस्वरूप राम के पुत्र उदय राम के रूप में पहचान हुई। थानाध्यक्ष परेंन्द्र कुमार ने बताया कि गाँव मे शराब पीकर गांव में उत्पात मचा रहा था जहां ग्रामीणों की सूचना पर 112 के पुलिस पदाधिकारी उक्त स्थल पर पहुंचकर उक्त शराबी को गिरफ्तार कर थाना लाया। जहां मध् निषेध अधिनियम के तहत बेलदौर थाना मे मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया अपनाकर न्यायिक हिरासत खगड़िया भेज दिया गया।